The Speaker made reference on the 25th Anniversary of the Kargil Vijay Diwas

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज हमारा देश राष्ट्रीय एकता, संप्रुभता और अखंडता की रक्षा के लिए समर्पित भारतीय सेना के अद्भुत पराक्रम और बलिदान की याद में ?कारगिल विजय दिवस? की 25 वीं वर्षगांठ मना रहा है ।

कारगिल युद्ध के दौरान हमारे वीर सैनिकों ने कठिन भौगोलिक बाधाओं, प्रतिकूल मौसम के बावजूद अदम्य साहस और असाधारण वीरता का परिचय देते हुए विजयश्री प्राप्त की ।

इस अवसर पर यह सभा अपने वीर सैनिकों को नमन करती है और उन शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया । यह सभा उन शहीदों के परिजनों के प्रति भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है ।

यह सभा उन सभी वीर सैनिकों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है, जो हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए ।

अब यह सभा उन सभी वीर सैनिकों की याद में कुछ देर मौन रहेगी ।

11.1½ hrs

The Members then stood in silence for a short while.

माननीय अध्यक्ष: ऊँ शांति: शांति: शांति: ।